स्पीड न्यूज

## पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने लिया कार्यों का जायजा



**धनबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने गुरुवार को धनबाद रेल मंडल के मेसरा-बरकाकाना-पतरातु रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, पुल-पुलिया, सांकी और हेहल के मध्य टनल का भी जायजा लिया। इसके अलावा सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग ऑफिस, रिले रूम, एस एस ऑफिस आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा से जुड़े पहलुओं को भी देखा। विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर डीआरएम कमल किशोल सिन्हा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## वंश सिंह के इलाज में आर्थिक सहयोग के लिए आगे आई ह्यूमैनिटी टीम

**धनबाद।** ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं ह्यूमैनिटी टीम के सदस्यों ने वंश को हर संभव सहयोग करने का बीड़ा उठाया है। वंश की मां ने चारों ओर मदद के लिए हाथ फैलाया, लेकिन सहयोग के लिए कोई आगे नहीं आया। अब ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स आगे आया। टीम के व्हाटसएप ग्रुप, सोशल मीडिया के माध्यम से यथासंभव जनसंपर्क किया गया। फिर दाताओं से धन राशि संग्रह कर धनबाद से सीएमसी वेल्लोर आने जाने का टिकट और इलाज, जांच, रहने खाने की व्यवस्था की गई। सीएमसी वेल्लोर में नंबर लगाने का कार्य ह्यूमैनिटी टीम के सहयोग से किया गया। टीम के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, केंद्रीय संगरक्षक अनूप मंडल, केंद्रीय कोषाध्यक्ष आकाश मंडल, केंद्रीय सदस्य डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ दीपक मंडल, रवि रंजन, चिरंजित मंडल, महिला सदस्य सुदेशना चंद्रा, किरण सिंह, प्रीति सिंह, सोनी सिंह, मुस्कान, रंजित मंडल, गौरव महतो, अमित रवानी, भजन मंडल एवं अन्य मौजूद थे।

## आईएसएम में भू-स्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर कार्यशाला संपन्न



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के पर्यावरण व इंजीनियरिंग विभाग तथा जल संसाधन प्रबंधन केंद्र के सहयोग से चल रहे भू-स्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी (स्तर 2) कार्यशाला का समापन गुरुवार को हो गया। संस्थान के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को कहा कि 21 दिनों तक के इस सेशन में बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उम्मीद है कि आप सभी को पता चल गया होगा कि डेटा को कैसे कैप्चर करना है और उस डेटा से कुछ जानकारी कैसे निकालनी है। अब जियोपोजिशनिंग और अन्य चीजों के लिए नाविक की ओर बढ़ने का समय आ गया है। इस प्रयास से हम संसाधन का बेहतर प्रबंधन और नई खोज के मामले में आत्मनिर्भर होंगे। प्रोफेसर श्रीनिवास पसुपुलेटी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर में 66 सत्र, 48 व्याख्यान सत्र और 18 व्यावहारिक सत्र आयोजित किये गए। प्रतिड्डागियों को भू-सूचना विज्ञान की बुनियादी बातों और उन्नत अवधारणा का व्यापक परिचय प्रदान किया गया। कैसे तकनीकी ज्ञान प्रदान कर वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए भू-स्थानिक तकनीकों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है, इसके बारे में सभी को बताया गया गया है। परियोजना के सह-प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर एसआर समद्दर ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि वह अगले वर्ष के दौरान स्तर 1 प्रशिक्षण भी आयोजित करेंगे।

रियल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली पर मैथन डैम में जन जागरुकता

# आरटीडीएएस देती है जल विज्ञान संबंधी डाटा : अंजनी कुमार दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** डीवीसी ने राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत गुरुवार को मैथन डैम के गेट एक पर रियल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली (आरटीडीएएस) को लेकर जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। उद्घाटन मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने दीप जला कर किया। श्री दुबे ने कहा कि आरटीडीएएस ऐसी आधुनिक प्रणाली है, जो हमें वास्तविक समय में जल विज्ञान संबंधी डाटा प्रदान करती है, जिससे हम समय पर जलाशय प्रबंधन में सही निर्णय ले सकते हैं और बाढ़ आदि जैसे नुकसान से बच सकते हैं। कहा कि आज हमारा विज्ञान बहुत उन्नत हो चुका है और आने वाले समय में जल विज्ञान पर पकड़ और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और जल के बिना जीवन सम्भव नहीं है। इसलिए डीवीसी का निरंतर प्रयास है और हमारा भी कर्तव्य है कि हम प्रकृति का संरक्षण करें। अत्यधिक वृक्ष लगाकर जल को बचाएं, ताकि आने वाले समय में जल संकट से बच सकें। मैथन जलाशय प्रबंधन विभाग के वरीय प्रबंधक नागसुधा कुमारी ने आरटीडीएस मशीन और एडब्ल्यूएलआर, एएनएस एवं एआरजी के कार्य सिद्धांत के संबंध में विस्तार से लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि ये मशीनें मौसम के बारे में तापमान, वर्षा, जलस्तर, वाष्पीकरण, आर्द्रता, सौर विकिरण, वायु गति, दिशा आदि की सही समय पर सही जानकारी देती हैं। इन्हें सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इनसे छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। मौके पर संजीत सिन्हा, संजीव श्रीवास्तव, अभिजीत चक्रवर्ती, एसके साहू, रौशन लकड़ा, शशी राकेश, माणिक पांडे, सूरज कुमार, निलेश एक्का, केदारनाथ दता सहित दर्जनों डीवीसी कर्मी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।



डीडीसी ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए की बैठक

# जामताड़ा के करमाटांड़ प्रखंड में संपूर्णता अभियान आज से

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** नीति आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय के निर्देशानुसार गुरुवार को उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ फतेहपुर में बैठक हुई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा अत्यंत पिछड़े जिले व प्रखंडों में सेवा वितरण व शासन स्तर में सुधार के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान की शुरुआत की है। ऐसे चिह्नित इलाकों में विकास संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये नीति आयोग द्वारा 06 इंडिकेटरों का निर्धारण करते हुए विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाना है। कार्यक्रम के तहत चिह्नित जामताड़ा जिला के आकांक्षी प्रखंडों में तीन माह के लिए संपूर्णता अभियान प्रस्तवित ह। आज फतेहपुर में अभियान लॉन्च किया गया साथ ही कल 5 जुलाई को करमाटांड़ प्रखंड में पूर्वाह्न 9 बजे अभियान की लॉन्चिंग की जायेगी। इस दौरान नीति आयोग के प्राधिकृत प्रतिनिधि शदीपाली उपाध्याय, नीति आयोग नई दिल्ली ने निर्धारित 6 विषयों एएनसी निबंधन, डायबिटीज, हाइपरटेंशन सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन, सॉइल हेल्थ कार्ड्स एंड रिवॉल्विंग फंड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मधुमेह, रक्तचाप की जांच से लेकर विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता का आकलन करते हुए इसमें अपेक्षित सुधार लाना मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी फतेहपुर, अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद थे।



## अतिक्रमण के खिलाफ निगम व यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

- दर्जनों अवैध दुकानों को किया गया ध्वस्त
- अवैध पर्किंग वाले वाहनों का काटा गया चलान

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहर की सड़कों पर अवैध पार्किंग और दुकानदारी के खिलाफ गुरुवार को नगर निगम व यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। डीआरएम चौक से रणधीर वर्मा चौक तक सड़क किनारे लगाये जाने वाले ठेले, खोमचे तथा स्थाई दुकान के आगे अवैध कब्जे को हटाया गया। साथ ही सड़क पर खड़े दर्जनों दो पहिया और चार पहिया वाहनों का चालान काटा गया। जो लोग चालान कटवाने नहीं पहुंचे, उनके वाहनों को जब्त कर यातायात पुलिस अपने साथ ले गई। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सड़क पर अवैध पार्किंग और दुकानदारी से राहगिरों को काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए आज संयुक्त अभियान चलाया गया है। यह अभियान आगे भी चलेगा। असर्फी अस्पताल के सामने से भी अवैध कब्जा हटाया जायेगा। निगम की सहायक नगर आयुक्त संतोष्णी मुर्म ने बताया कि सड़क के अतिक्रमण की छूट अब किसी को नहीं मिलेगी। हमारा अभियान नियमित रूप से चलेगा।

# विधायक के प्रयास से बालाजी में बिजली की समस्या होगी दूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जगजीवन नगर स्थित धनबाद विधायक के आवासीय कार्यालय में वार्ड संख्या 26 बालाजी नगर के स्थानीय लोग सड़क, नाली और बिजली के पोल की समस्या लेकर पहुंचे। कुछ ही घंटों के बाद विधायक राज सिन्हा धनबाद नगर निगम के जेई विकास कुमार को साथ लेकर बालाजी नगर पहुंचे और समस्याओं का जायजा लिया। विधायक ने बताया कि कल 5 जुलाई की सुबह जेई विकास कुमार टीम के साथ पुनः बालाजी नगर पहुंचेंगे और सभी योजनाओं की नापी कर कागजी प्रक्रिया प्रारम्भ करेंगे। दस दिन के अंदर योजनाओं का टेंडर निकाल कर निर्माण कार्य जल्द धरातल पर होगा। इसकी पूरी संभावना है। मौके पर जीतेन्द्र कुमार सिन्हा, रामकरण सहनी, गोबिंद राम, संतोष पाण्डेय, कपिलदेव पाण्डेय, संगीता देवी, कंचन देवी, गोबिंद शर्मा, मनोज कुमार, राम शरण सिंह चंद्रवंशी, रामेश्वर पासवान, अनीता देवी, गोपाल सिंह, राजीव कुमार सिंह, ओम प्रकाश शाह, उमेश साव, रंजीत प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार साव, अजित कुमार, एस एन चौधरी, आर एन महतो, अशोक कुमार बरनवाल, राजा कुमार, मृतुन्जय कुमार, लक्ष्मण कुमार, संतोष कुमार शर्मा, प्रमोद साव सहित दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद थे।



एक नजर में

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने दुकानों में बांटे कपड़े और जूट के थैले



**गोविंदपुर।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा ने गुरुवार को ऊपर बाजार की विभिन्न दुकानों में करीब 200 कपड़े एवं जूट के थैले का वितरण किया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने प्लास्टिक के बैग का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। यह भी संकल्प लिया कि गोविंदपुर को प्लास्टिक फ्री बनाने में उनका पूरा योगदान रहेगा । सम्मेलन की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रेणु दुदानी ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण को खतरा पैदा कर रहा है। इससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। इसके लिए प्रत्येक परिवार की महिलाओं को पॉलीथिन और प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने का संकल्प लेना होगा। शाखा अध्यक्ष सीमा सरिया ने कहा कि सम्मेलन ने पहले भी गोविंदपुर के विभिन्न दुकानदारों और ग्राहकों के बीच कपड़े एवं जूट का थैला वितरित किया है और यह अभियान जारी रहेगा । इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनीता बंसल, पूर्व शाखा अध्यक्ष ईशा अग्रवाल, सचिव विजया सरिया, सुनीता मेहरिया आदि मौजूद थी।

## नियोजन व अन्य मांगों को ले ग्रामीणों ने ठप की ट्रांसपोर्टिंग



**कतरास।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के मंदरा पंचायत के बेरोजगार युवकों को रोजगार देने एवं अन्य मांगों को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने मुखिया ललिता देवी के पति शंकर बेलदार के नेतृत्व में संजय उद्योग एवं खेमका कैरियर कंपनी की ट्रांसपोर्टिंग बाधित कर दी। ट्रांसपोर्टिंगकार्य में लगे हाइवा व अन्य गाड़ियां खड़ी रह गई। आंदोलनकारियों का कहना है कि जबतक प्रबंधन उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं करता, ट्रांसपोर्टिंग बंद रहेगी। काम ठप रहने की खबर पाकर बरोरा क्षेत्र के एजीएम जी के मेहता, पीओ काजल सरकार, सीआइएसएफ इंस्पेक्टर राजविंदर सिंह पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाया। परन्तु ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक ट्रांसपोर्टिंग व परिचालन बंद था। मौके पर मनोज चौहान, संजय चौबे, उमेश चौहान, विकास चौहान, राजू रवानी, दिनेश रवानी, विशु अधिकारी, दिनेश चौहान, अवधेश रवानी, राणा रवानी, सागर रवानी, रोहित रवानी आदि मौजूद थे।

## वन विभाग का कारनामा: बिना गड्ढा और पौधे के लगा दी चचरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंगूठियां बाबूपुर मुख्य पथ पर वन विभाग की ओर से किये जा रहे पौधरोपण में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। इस संवाददाता ने जायजा लिया तो सारे मामले सामने आए। कार्यस्थल पर सड़क किनारे कहीं भी पौधरोपण से संबंधित सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है। नियमतः सबसे पहले गड्ढा खोदा जाता है। उसके बाद पौधा लगाया जाता है। उसके बाद बांस की चचरी से घेराबंदी की जाती है। लेकिन यहां कहीं भी पौधा नहीं देखा गया। हालांकि कई जगह गड्ढे देखे गए, जहां चचरी लगी हुई थी। ऐसी जगह भी देखी गई, जहां गड्ढा कहीं और है और चचरी कहीं और लगा दी गई है । मुख्य सड़क पर कहीं ऐसी जगह भी मिली, जहां तालाब खोदने के बाद फेंकी गई मिट्टी के ढेर में भी बिना गड्ढा किए बांस की घेराबंदी लगाकर खानापूर्ति की गई है।

हालांकि चर्चा यह भी है कि एक बड़े बिचौलिए द्वारा इस काम को जैसे तैसे अंजाम दिया जा रहा है। इधर वनरक्षी विजय कुमार ने दूरभाष पर कहा कि जो भी त्रुटि है उसे सुधार लिया जाएगा। सूचना पट्ट भी कल लगा दिया जाएगा।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव के आयोजन को लेकर आरएसएस ने की बैठक



**गिरिडीह।** जिले के बिरनी प्रखंड के पलौंजिया योग भवन में बुधवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने को लेकर आरएसएस के जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख जयनारायण मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन खण्ड कार्यवाह विनय संगम ने किया। बैठक में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने पर चर्चा की गई। साथ ही बरहमसिया के रामनगर में पूर्णिमा उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भीम राम, गुरुदेव प्रसाद, महेश मोदी, सुखदेव मोदी, सुरेश मोदी, सचिदानन्द बर्णवाल, सागर कुमार, अतुल वैष्णव, अंकित सेठ, नयन राज, प्रिंस कुमार, सात्विक मोदी, प्रिंस कुमार, जयदेव सोनी, लक्की कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक टन अवैध लोहा सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा

बेरमो/जारंगडीह। बृहस्पतिवार को बेरमो मे चल रहे लोहा चोरी के मामले से उस समय पर्दा हट गया जब जारंगडीह कोलियरी के सुरक्षाकर्मी जारंगडीह आर आर शॉप के समीप तथा कथारा फुसरो मुख्य मार्ग पर एक बाइक मे लदे लगभग एक टन चोरी के लोहे को पकड़ा। हालांकि मौके से लोहा चोर भागने में सफल रहा। उधर पकड़े गए अवैध लोहा लदे बाइक को सुरक्षाकर्मी ने आर आर शॉप मे जप्त कर रख लिया और अपने उच्च अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दे दी। वही दुसरी तरफ बाइक और लोहा पकड़ाते ही कई सेटर यानी लोहा चोर के सपोटर वहां पहुच कर बाइक छुड़ा व मामले को रफा-दफा करने की जुगत भिड़ाते नजर आये।

# स्कूली छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

- वाहन चलाने के बताए गए नियम, दुर्घटना के कारणों की दी गई जानकारी

**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निदेर्शानुसार जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार ने गुरुवार को एच ई स्कूल में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया। छात्रों को बताया कि ओवरस्पीड, बाइक पर स्टंट, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना आदि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने, इंडिकेटर, हॉर्न, शहर में दुर्घटना होने पर 108 पर कॉल तथा नेशनल हाइवे पर दुर्घटना हो तो 1033 पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचित करने की जरूरत बताते हुए नियमों की जानकारी दी। छात्रों को नेक नागरिक पॉलिसी 2020 के बारे में भी बताया गया। पॉलिसी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद करने वालों को राज्य सरकार की ओर 2000 तथा केंद्र सरकार की ओर से 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं उपायुक्त की तरफ से प्रशस्ति पत्र देने का प्रावधान है। यह भी बताया गया कि अब पुलिस के द्वारा नेक नागरिक को थाने में बुलाकर परेशान नहीं किया जाता है। अगर वे स्वयं जाना चाहे तो ही जा सकते हैं। वहां जाने पर प्रति दिन 1000 की राशि देने का प्रावधान है। दुर्घटना पर मुआवजा राशि तथा ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने पर जुर्माना के बारे में भी बताया गया। बच्चों को समझाया गया कि 18 साल की आयु के पहले और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएं। अन्यथा 25000 और उनके अभिभावकों को 6 महीने की जेल तक हो सकती है। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुमार, शिक्षक, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अमरेश कुमार, आई टी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार मौजूद थे।



## चापापुर कोलियरी भूमिगत खदान से चोरों ने उड़ाया चार लाख का केबल

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर कोलियरी के भूमिगत खदान मेहताडीह सीम से बुधवार की रात चोर खदान में घुसकर इत्मीनान से करीब ढाई सौ मीटर केबल काट कर चलते बने। केबल की कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में ईसीएल प्रबंधन द्वारा निरसा थाना में शिकायत दर्ज करा्र गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की रात चोरों का गिरोह चापापुर कोलियरी की भूमिगत खदान में घुसा और ढ़ाई सौ मीटर केबल काट कर चलते बने। गुरुवार की सुबह जब मजदूर खदान में गए तो उन्हें केबल चोरी की जानकारी मिली। मजदूरों ने कोलियरी प्रबंधन को जानकारी दी। कोलियरी प्रबंधन ने मामले की जांच कर निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। मजदूरों ने बताया कि चापापुर कोलियरी कीभूमिगत खदानों को बंद किया जा रहा है। भूमिगत खदान के स्थान पर मेगा ओसीपी प्रोजेक्ट चालू किया जा रहा है। ओसीपी का काम तेजी से चल रहा है। इस कारण भूमिगत खदान से प्रबंधन सामानों की निकासी कर रहा है। खदान बंद रहने के कारण रात में मजदूर ड्यूटी पर नहीं जाते।। चोरों को मामले की जानकारी थी। इस कारण वे आराम से केबल काट कर ले गए।

# गोल ने नीट में सफल 50 छात्रों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** गोल धनबाद ने गुरुवार को नीट में सफल लगभग 50 छात्रों को उनकी मेहनत और परिश्रम के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉक्टर ज्योति रंजन ने बताया कि विगत कई वर्षों से गोल धनबाद में बतौर मुख्य अतिथि आने का मौका मिला एवं कोयलांचल के भावी चिकित्सकों को सम्मानित कर उन्हें मार्गदर्शन दे कर गौरवान्वित हुआ। मेडिकल की तैयारी करने वाले छात्रों को अब कहीं अन्यत्र जाने की जरूरत नही, क्योंकि गोल जैसे संस्थान के हाथों में यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में विभिन्न पहलुओं से भी उन्हें अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रो. धीरज कुमार ने बताया कि वह एक साथ इतने छात्रों के एक छोटी सी जगह से मेडिकल जैसी कड़ी प्रतिस्पर्धा में सफल देखकर हर्षित हैं। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि विगत 26 वर्षों से गोल की पूरी टीम मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए लगातार ईमानदार प्रयास कर रही है। नतीजतन कर वर्ष सैकड़ों छात्र विभिन्न सरकारी कॉलेजों के साथ ही देश के शीर्ष 10 कॉलेजों में दाखिला ले रहे हैं। गोल धनबाद केन्द्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि विगत 23 वर्षों से संस्थान के छात्र ने कोयलांचल के साथ ही पूरे झारखण्ड में अपनी सफलता का लोहा मनवाया है। कार्यक्रम के सफल संचालन में दीपक सर, अभिषेक कुमार, भारती, काली सिंह, पुजा, अरूण जी, सुनील जी, उमेश,वशीम के साथ अन्य सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। सफल छात्रों में हेमा मेहता, आलोक कुमार राय, मोहित कुमार दत्ता, अक्सा नूर, सकरा नाज, प्रिया कुमारी, राधिन चन्द्रा, सुदेशना दत्ता, कुमकुम कुमारी, अभिषेक दास, सोमा कुमारी, लक्ष्मी प्रिया सिंह, साक्षी सुमन, नीकिता कुमारी, हरिमोहन सिंह, दीपक कुमार, रितिक राज, अभनूर धात्री, सपना कुमारी, साक्षी जयसवाल, नादरा नूरसेन, अंजली, विक्रेता, डिगविजय, अनिता, आस्था, प्राची, विकास, स्वपनिल, दीपलता, साहिबा, कुलसुम, रौली कौशिक, जानवी, मैत्री, दिव्यांशु, शिवम, निहारिका, जिवंती, रोहित, विनित, दीपक, अंजली आदि शामिल थे।

## इनर व्हील क्लब का पदस्थापना समारोह संपन्न



**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ सनसाईन का पदस्थापना समारोह श्री श्याम मंदिर में संपन्न हुआ। समारोह में सत्र 2024-25 की नई कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। सोनाली तर्वे को जहां अध्यक्ष का दायित्व दिया गया, वहीं राखी झुनझुनवाला को सचिव मनोनीत किया गया। क्लब की पीडीसी पूनम सहाय के साथ पूर्व अध्यक्ष सुमन गौरिसरिया ने पिछले सत्र में किए गए कार्यों का जिक्र किया। कहा कि क्लब हर स्तर पर समाजिक गतिविधि में सक्रिय रहा। मौके पर क्लब के नए सत्र की अध्यक्ष सोनाली तर्वे ने क्लब की ओर से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी और कहा कि इनर व्हील क्लब ने आने वाले साल में कई कार्यो की योजना तैयार कर रखी है, जिसमें सरकार द्वारा संचालित गर्ल्स स्कूलों की छात्रों की सुविधा को लेकर साइकिल उपलब्ध कराना और जरुरत के आधार पर मेधावी छात्रों को आर्थिक सहयोग देना भी क्लब के नए साल की गतिविधियों में शामिल है। पदस्थापना समारोह में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, संजीत तर्वे, गोपाल भदानी, प्रकाश सेठ, रंजना बगेड़िया, अर्चना कुमारी, डॉ. पी सहाय, दंत चिकित्सक डॉ. शीतल गौरिसरिया समेत कई मौजूद थी।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

शुक्रवार 05.07.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 76

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### झामुमो नेता ने पीड़ित परिवार को राहत सामग्री उपलब्ध कराई



**कतरास।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता रतिलाल टुडू टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पर्वतपुर के काशिया टांड़ में हाथियों द्वारा महलाल किस्कु, मिलु मंझियाइन एवं तिलेयबेड़ा के मुनिलाल बास्की के घरों को ध्वस्त किये जाने की सूचना पर पहुंचे तथा पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर अविलम्ब आपदा राहत कोष से पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस मौके पर सनातन सोरेन, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की, कालेश्वर बास्की समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले में आज गुरुवार को धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी लटानी टुण्डी निवासी संतोष कुम्हार एवं बीरू कुम्हार को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख तय की है। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर टुंडी थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 22 सितंबर 23 को दोपहर करीब दो बजे वह अपनी छोटी बहन के साथ भूतगढ़िया तालाब के पास जंगल में लकड़ी चुन रही थी । तभी मोटरसाइकिल पर सवार दोनों आरोपी आए और पीड़िता को जबरन पकड़ लिया और दुष्कर्म किया । डर के मारे उसकी छोटी बहन भाग गई । दोनों आरोपियों ने धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार कर फेंक देंगे। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 29 अक्टूबर 23 को दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 30 नवंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

### नारायणपुर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**जामताड़ा।** अपराध नियंत्रण को लेकर थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता के निर्देश पर नारायणपुर पुलिस ने गुरुवार को थाना मुख्य गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों को आवश्यक निर्देश दिया। नारायणपुर थाने के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक राम कुमार के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने मार्ग से होकर गुजरने वाले दो पहिया वाहनों की डिक्की, हेलमेट, ओवरलोड, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस आदि कागजात की जांच की। पुलिस ने बगैर हेलमेट सफर करने वाले बाइक चालकों को कड़ी फटकार लगाई।

गिरिडीह पुलिस को प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से मिली सफलता, एसपी ने दी जानकारी

# पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने एक बार फिर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी गुरुवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खण्डोली डैम में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार महतो, पुलिस अवर निरीक्षक पुनीत कुमार गौतम, आरक्षी जितेन्द्र नाथ महतो व अरविन्द कुमार शामिल थे। टीम ने छापेमारी की और 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गरफ्तार साइबर अपराधियों में मरगोमुंडा थाना क्षेत्र के केंदुवाटांड़ के 26 वर्षीय दिलीप कुमार मंडल,



24 वर्षीय प्रवीण कुमार मंडल, नयाडीह के 19 वर्षीय मोज्जम अंसारी, तिसरी थाना क्षेत्र कटकोको के 26 वर्षीय राजू बेसरा, बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी 22 वर्षीय पवन कुमार मंडल शामिल हैं। इन सभी अपराधियों के पास से पुलिस ने 7 मोबाइल, 8 सिम कार्ड, 2 बाइक व 5 एटीएम बरामद किया है। उन्नगत नौ महीने में पुलिस ने 247 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### छिनतई में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**धनबाद।** गोविंदपुर के गोड़तोपा में छिनतई करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गोविंदपुर थाना कमाटांड़ के मो बबलू अंसारी, मो जावेद, संदीप पासवान और बलियापुर थाना सिंघियाटांड़ के वाहिद अंसारी शामिल हैं। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित पुलिस कांफ्रेंस हॉल में यह जानकारी दी। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देशानुसार गोविंदपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लूटी गई काला पल्सर मोटरसाइकिल, लाल टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल, ब्लू पल्सर मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन आदि बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सिटी एसपी ने कहा कि जिसके घर से सामान बरामद हुआ है, वह फरार है।

#### 30 जून को की थी एक लाख की लूट

मैथन कालीमाटी निवासी टिंकू बाउरी से गोविंदपुर में 30 जून की रात एक लाख रुपये और मोबाइल की छिनतई हुई थी। अपराधियों ने टिंकू बाउरी के मोबाइल से 1.96 लाख रुपये अलग अलग अकाउंट में ट्रांसफर कर उनका अकाउंट खाली कर दिया था। भुक्तभोगी ने आवेदन में कहा कि बलियापुरा-गोविंदपुर रोड गोड़तोपा के पास बाइक सवार अपराधियों ने उसका मोबाइल और एक लाख रुपये छीन लिये। छापेमारी में गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद, पुअनि चिंतामन रजक, शैलेंद्र कुमार, दिनेश प्रसाद मेहता, अमृता खलखो जवाईदुल्लाह अंसारी शामिल थे।

## विस्थापितों की समस्या जान कर द्रवित हुए न्यायाधीश



- 35 चापानल में से केवल दो कारगर, मकान जर्जर और दवा भी नहीं मिलती

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर गुरुवार को अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन व एल ए डी सी एस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बेलगड़िया टाउनशिप का दौरा किया। न्यायाधीश ने बेलगड़िया टाउनशिप के हर ब्लॉक का जायजा लिया। वहां की स्थिति देखकर न्यायाधीश ने काफी नाराजगी जताई। विस्थापितों में जरेडा के प्रति काफी आक्रोश था। उन्होंने न्यायाधीश को अपनी समस्याएं बताई। कहा कि वे लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। 35 चापानल में से केवल दो कारगर है। वह भी विस्थापितों ने चंदा कर कर बनवाया है। मकान जर्जर अवस्था में है, जो कभी भी गिर सकता है। रोजाना मकान के छज्जे गिर रहे हैं । साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में भी कोई डॉक्टर नहीं रहता और न दवामिलती है। न्यायाधीश ने कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार को इन समस्याओं के निदान का निर्देश दिया है। न्यायाधीश ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झालसा के आदेश पर उन्होंने आज बेलगड़िया टाउनशिप का निरीक्षण किया है। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट झालसा को सौंपी जाएगी, ताकि यहां के विस्थापितों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना

### लोगों ने स्थानीय विधायक के प्रति जताया आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड में गुरुवार को आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । संचालन कार्यकारी जिला अध्यक्ष निमाई चंद्र सेन और धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने किया। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव नजरुल हसन हाशमी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मिलकर वंशवाद के खिलाफ उठ खड़े हों और स्थानीय विधायक को हटाने का काम करें। स्थानीय विधायक भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त हैं। उन्होंने अपना जमीन तक बेच दिया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव तरुण गुप्ता ने धरना स्थल पर ऐतिहासिक भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी और सत्ता को अगर आप नहीं पलटते हैं, तो यह निरंकुश ह जाता है और जल जाता है । जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक योजनाओं को बेचने का काम करता है। पीसी और पगड़ी के बिना विकास कार्य नहीं होने देता है। झारखंड सरकार के कुशासन और नारायणपुर प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध गोल बंद होकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। जब तक वशवाद को खत्म नहीं करते है, विकास के मापदंड को समझ नहीं पाएंगे। भ्रष्टाचार के विरुद्ध उलगुलालन शुरू करना पड़ेगा।

#### सभा को इन्होंने किया संबोधित

आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मन बेसरा, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सीतामनी हसदा, बम शंकर दुबे, अशोक सिंह,तिरिशा बसाकी, जितेंद्र मंडल वासुदेव यादव, रमेश पंडित, सुखदेव भंडारी, काजल पंडित, संतोरी हसदा और कार्तिक दता, शारदा देवी, रामकिशोर हंसदा, शारदा देवी, पहलू मंडल, इमामुदीन अंसारी,अनवर सौदागर के साथ प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख की बहनों ने परिवर्तन का संकल्प लिया। साथ ही 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में बीडीओ को सौंपा गया और तुरंत कार्रवाई की मांग की गई।

### ट्रेन पकड़ने की जल्दी में 28 वर्षीय युवक ने गंवा दी जान

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के पीपराडीह में गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से 28 वर्षीय मंटू यादव नामक युवक की मौत हो गई। युवक इसी पीपराडीह गांव का रहने वाला था और सरिया के एक पेट्रोल पंप में ड्यूटी करने जा रहा था। देर होने के कारण गुरुवार की सुबह चलती ट्रेन में दौड़ कर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद युवक के पिता श्याम लाल यादव पहुंचे और बेटे का शव देखकर रो पड़े। जानकारी मिलने के बाद पारसनाथ जीआरपी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

## एक नजर में

### आजसू पार्टी ने पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना, सौंपा 11 सूत्री ज्ञापन



**पूर्वी टुंडी।** आजसू पार्टी ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव संतोष कुमार महतो, केंद्रीय सचिव भास्कर ओझा, केंद्रीय सदस्य शफीक आलम, आजसू प्रखंड अध्यक्ष काजल कुमार, आजसू नेता नरेश महतो और मोहन साव ने भ्रष्टाचार का विरोध करते हुए 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन बीडीओ अमृता सिंह को सौंपा। सीओ देवराज गुप्ता की अनुपस्थिति में अंचल निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बिजली, पानी, अबुआ आवास एवं अन्य जरूरी समस्याओं को सुलजाने की मांग की गई है। धरना-प्रदर्शन में सचिन पप्पू मंडल, महिला प्रखंड अध्यक्ष टुंपा कुमारी, साकेत मिश्रा, कुंदन मंडल, बिरेन मंडल, दिलीप मंडल, निरंजन दास, राजकिशोर दे, कंचन देवी, रोहित मंडल, संजय मंडल, आशीष मंडल ,काजल मंडल, सामोली देवी, प्रमिला देवी,जितन मोहली आदि शामिल थे।

### बीडीओ ने बीएलओ सुपरवाइजर के साथ की बैठक, दिये कई दिशा निर्देश



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ मुरली यादव ने बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने बीएलओ सुपरवाइजर को नए मतदाता का नाम जोड़ने, मृत मतदाता का नाम हटाने और नाम में सुधार करने का निर्देश दिया है। एएसडी वोटर का घर-घर जाकर सर्वे करना है और प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय में रिपोर्ट दर्ज कराना है। जिनका इपिक कार्ड नहीं है उसका सर्वे सूची तैयार करने और पुराने कार्ड की जगह लैमिनेटेड इपिक कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।कहा कि प्रथम फेज 25 जून से 24 जुलाई तक तय है, जिसमें बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्टेड एवं मृत वोटरों का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही ब्लैक एंड व्हाइट इपिक कार्ड की पहचान कर सूचीबद्ध करने तथा छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी बीपीआरओ राजेन्द्र प्रसाद सिंह ,जनसेवक सहित सभी बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद थे।

### दिल्ली से लौटे सांसद ढुल्लू को अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मानित

**सिंदरी।** दिल्ली में लोकसभा सत्र की समाप्ति के बाद धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो के अपने निवास चिटाही गांव पहुंचने पर गुरुवार को भाजपा सिंदरी के प्रतिनिधि मंडल ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। झारखण्ड प्रदेश के भाजपा आईटी सेल के संयोजक सह सिन्दरी निवासी अमर झा ने बताया कि धनबाद के एयरपोर्ट की मांग का ज्ञापन नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू को सौंपने पर उन्हें सम्मानित किया गया है। सांसद के आवास पर अंगवस्त्र प्रदान कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया है। मौके पर अमर झा के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा और ज़िला की पूर्व उपाध्यक्ष अल्पना मुखर्जी मौजूद थे।

## घर-घर जाकर मतदाताओं का हुआ सत्यापन

### एईआरओ ने बीएलओ सुपरवाइजर को लगाई फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के लोकसभा चुनाव में सबसे कम मतदान वाले बूथ क्षेत्रों में एईआरओ सह एडीएम (सप्लाई) मो जियाउल अंसारी ने गुरुवार को हाउस टू हाउस सर्वे और मतदाता सूची में एएसडी मतदाताओं का सत्यापन किया। बीएलओ सुपरवाइजर माधव सूत्रधार की लापरवाही सामने आने पर उन्होंने जमकर फटकार लगाई और निर्देश दिया कि हाउसहोल्ड सर्वे अविलंब पूरा करें। बता दें कि लोकसभा चुनाव में प्रखंड क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 257, 261, 262, 269, 270, 275 एवं 277 पर सबसे कम मतदान हुआ था। इन केन्द्रों पर किस कारण से कम मतदान हुआ है, इसका जांच की गई, जिसमें बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की लापरवाही सामने आई। मतदाताओं ने श्री अंसारी को बताया कि कोई बीएलओ या सुपरवाइजर कभी क्षेत्र में आते नहीं हैं और घर बैठे सारा काम करते हैं। श्री अंसारी ने सभी बीएलओ सुपरवाइजर को नए मतदाता का नाम जोड़ने, मृत मतदाता का नाम हटाने और नाम सुधार करने का निर्देश दिया। एएसडी वोटर का घर-घर जाकर सर्वे करने, जिनका इपिक कार्ड नहीं है उसकी सूची तैयार करने और पुराने कार्ड की जगह लैमिनेटेड इपिक कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्टेड एवं मृत वोटरों का सत्यापन किया जाएगा। ब्लैक एंड व्हाइट इपिक कार्ड की पहचान कर सूचीबद्ध करने तथा छूटे मतदाताओं का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। श्री अंसारी के साथ एग्यारकुंड प्रखंड की बीडीओ मधु कुमारी भी मौजूद थी। मौके पर प्रखंडकर्मी छत्रपति शिवाय किस्कू, बीएलओ सुपरवाइजर माधव सूत्रधार, मो. सलीम, पंकज कुमार सिंह सहित संबंधित क्षेत्र के बीएलओ उपस्थित थे।

## धनबाद में जल्द बनेगा एयरपोर्ट और फ्लाईओवर : ढुल्लू

### स्टेशन पर भाजपाइयों व समर्थकों का उमड़ा हुजूम, हुआ स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सांसद ढुल्लू महतो लोकसभा की कार्यवाही में भाग ले कर गुरुवार को राजधानी एक्सप्रेस से धनबाद लौटे। स्टेशन पर भाजपाइयों और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। लोग सांसद की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे थे। लग रहा था कि उनकी सारी समस्या नए सांसद दूर कर सकते हैं। स्वागत में बाजे गाजे के साथ जय श्री राम के नारे लगे। शॉल, गुलदस्ता और भगवान राम की तस्वीर दे कर लोगों ने उनका स्वागत किया। सांसद ढुल्लू महतो ने सम्बोधित करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। बता दें कि 24 जून को 18 वीं लोकसभा के सदस्य बन्उसी दिन उन्होंने शपथ ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने का जो अवसर मिला है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी से मिलकर दिन-रात काम करेंगे। मीडिया से कहा कि धनबाद में एयरपोर्ट और फ्लाईओवर की मांग जल्द ही पूरी होने जा रही है। कहा कि अगर राज्य सरकार जमीन देती है तो एयरपोर्ट जल्द ही बनेगा। बोकारो में भी एयरपोर्ट का काम अधूरा है, जल्द ही पूरा करने का काम करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाए जाने पर कहा कि हेमंत सोरेन परिवार छोड़ कर आगे नहीं बढ़ सकते हैं। कांग्रेसियों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि हिंदू के प्रति कांग्रेस की मानसिकता सही नहीं है।

#### विकास कार्यों पर केंद्रीय मंत्रियों से हुई है बातचीत

**कतरास।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो गुरुवार को दिल्ली से धनबाद लौटे। चिटाही स्थित आवास पर लोगों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि धनबाद के विकास को लेकर वह तत्पर हैं। कहा कि जिस विश्वास व आस्था के साथ धनबाद की जनता ने उन्हें स्नेह दिया है, उसपर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। धनबाद में एयरपोर्ट के सवाल पर कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री से बातचीत की है। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा की धनबाद में दो फ्लाई ओवर बनाने के लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी उन्होंने बातचीत की है। मटकुरिया से आरा मोड़ होते हुए बिनोद बिहारी चौक तक तथा दूसरा धनसार से गया पुल होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक फ्लाई ओवर बनाने की मांग उन्होंने की है। झारखंड में पिछले दो दिनों के अंदर राजनीतिक उथल पुथल पर उन्होंने कहा कि सोरेन का परिवारवाद किसी अन्य को मौका नहीं देना चाहता।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान की सफलता के लिए भाजपा ने की बैठक



**कुमारधुबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की सफलता को लेकर भाजपा निरसा मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक निरसा मंडल अध्यक्ष बृहस्पति पासवान की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से 6 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं के बीच पौधा का वितरण किया गया। मौके पर जयप्रकाश सिंह, डब्लू बाउरी,मधुरेन्द्र गोस्वामी, बृहस्पति पासवान, सजल दास, पूर्णेन्दु मालाकार,उज्जवल मालाकार,शुभांकर बाउरी, जितेंद्र पांडे, बच्चू तुरी, राजा भुइया, महादेव पासवान, कन्हाई बाउरी आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मतदान केंद्रों में परिवर्तन संबंधी बैठक का आयोजन

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में निर्वाचन प्री रीविजन गतिविधि के तहत मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण, पुनर्व्यवस्थापन और जर्जर मतदान केन्द्रों के भवन व नाम परिवर्तन से संबंधित बैठक राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 7 मतदान केन्द्रों और चतरा विधानसभा क्षेत्र के 15 मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन तथा एक मतदान केन्द्र के नाम में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति दी। उक्त प्रस्ताव को मंत्रीमंडल रांची निर्वाचन आयोग को भेजने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, सभी राजनितिक दल के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराडीह निवासी एक युवक ने सट्टा में पैसा हारने के बाद जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार बेहराडीह निवासी 22 वर्षीय अंकुश कुमार पिता संतोष मेहता मोबाइल से क्रिकेट मैच में सट्टा लगाता था। जिसके बाद काफी पैसा हारने के बाद डिप्रेशन में आकर गुरुवार को जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों के पता चलने के बाद आनन फानन में युवक को सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा युवक का इलाज किया जा रहा है। इलाज के बाद युवक की स्थिति में सुधार है।

### चंद्रवंशी भवन निर्माण की प्रक्रिया होगी शुरू : प्रवीन

**कोडरमा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की आवश्यक बैठक झुमरीतिलैया में रखी गई। बैठक का संचालन मनोहर राम (बाबू) ने किया। जिसमें विशेष रूप से भवन निर्माण पर चर्चा किया गया। बैठक में जल्द ही भवन निर्माण कार्य को शुरू करने का संकल्प लिया गया। साथ ही जिला समिति की अगली बैठक 21 जुलाई 2024 को झुमरीतिलैया में रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर चंद्रवंशी दीपक नवीन, प्रवीण रवानी, अभिषेक चंद्रवंशी, मनोहर राम (बाबु), जितेंद्र राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सहायक निदेशक ने वृद्धा आश्रम का किया दौरा

**कोडरमा।** सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निषाद द्वारा झुमरीतिलैया नगर परिषद अंतर्गत स्थित वृद्धा आश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे वृद्धाओं को वृद्धा पेंशन योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। वहीं उन्होंने वृद्धा आश्रम के केयरटेकर से बातचीत कर उन सभी वृद्धाओं को वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

### हेमंत को 13वें सीएम पद की शपथ लेने पर झामुमो नेताओं ने जताया हर्ष

**कोडरमा।** झारखंड में 13वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन ने शपथ ली। जिसके बाद कोडरमा झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनायीं। इधर हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने को लेकर झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय व जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कहा कि हेमंत सोरेन के पुनः मुख्यमंत्री बनने का बाद कोडरमा समेत पूरे राज्य का तेजी से विकास होगा और राज्य में विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनेगी। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की इल साजिस का पर्दाफास हो गया है और हेमंत सोरेन आज सबके सामने है। वहीं नेताओं ने कहा की आने वाले समय में मुख्यमंत्री बेदाग सबित होंगे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आगामी 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान



जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने की। वहीं प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है, वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है।

उन्होंने विभागों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से पक्षकारों को नोटिस करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके।

मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव गौतम कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, आीक्षक उत्पाद सुजीत कुमार, सहायक विद्युत् अभियंता संदीप कुमार, हिमांशु रंजन, संजय कुमार, रणजीत कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बदाल निवासी 25 वर्षीय राधिका कुमारी की बीते बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर मृतिका के भाई पडरिया निवासी नैतिक कुमार ने थाना में आवेदन देकर बहन के ससुराल वालों पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि मेरी बहन की शादी वर्ष 2020 में हिन्दू रीतिरिवाज से बदाल निवासी शंकर यादव के पुत्र अनीश कुमार के साथ हुई थी। वर्तमान में अनीश कुमार आर्मी में कार्यरत है। शादी के दौरान दहेज के रूप में 2 लाख 51 हजार रूपये नकद, सोने का चैन जिसकी कीमत 45 हजार रूपये व बाईक समेत अन्य सामान दी गयी थी।



शादी के कुछ दिनों के बाद ही अनीश कुमार तथा उनके परिजनों द्वारा बार-बार दहेज को लेकर मेरी बहन को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते थे। मेरी बहन को एक पुत्री होने के बाद भी दहेज को लेकर पति व परिजनों के द्वारा मारपीट की गयी। जिसकी सूचना पूर्व में भी थाना में देने के बात कही गयी। वहीं उन्होंने आवेदन के माध्यम से कहा कि पंचायती के बाद उन्होंने मेरी बहन को बदाल ले गए। ससुराल में रहने के उपरांत 4 माह की गर्भवती थी। गर्भवती के दौरान पति अनीश कुमार, ससुर शंकर यादव, सास चमनी देवी तथा देवर संतोष कुमार ने गर्भपात को लेकर दवा खिला दी। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने पर ग्रामीण नर्स को बुलाकर गर्भपात करा दिया। हालत बिगड़ने पर जब इसकी सूचना मुझे मिली तो बहन के ससुराल जाकर सारी जानकारी ली। बहन की हालत को देखकर किसी तरह इलाज के लिए पटना ले गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस सम्बंध में आवेदनकर्ता नैतिक कुमार ने बताया कि बहनोई अनीश कुमार दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी अरविंद यादव की पुत्री सिंधु के साथ शादी कर लिया और साजिश के तहत मेरी बहन की हत्या कर दी गयी। वहीं उन्होंने आवेदन देकर उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुरुवार को सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना को लेकर सतगावां थाना में कांड संख्या 48/24 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### पीडीएस दुकानों में अनाज पहुंचने में ओवरलोड वाहनों का हो रहा है परिचालन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एफडीआई गोदाम से ओवरलोड वाहनों का लगातार परिचालन हो रहा है। बता दें कि एफडीआई गोदाम से लगभग 10 से 15 किलोमीटर तक पीडीएस दुकानदारों के दुकान तक अनाज पहुंचने वाले वाहन ओवरलोड के साथ साथ तेज रफ्तार चलने से सड़कों पर चलने वाले छोटे बड़े वाहनों के साथ साथ राहगीरों को काफी खतरा बना रहता है। वहीं ओवरलोड वाहन बीच बीच में अचानक खराब हो जाने से सड़क पर भी घंटो जाम लग जाता है। कई बार दुर्घटना होने से बाल बाल बचे हैं।

## एक नजर में

### पत्थलगड़ा में हुआ प्रेस क्लब का गठन, अध्यक्ष बने मृत्युंजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप के निर्देश पर पत्थलगड़ा में प्रेस क्लब का हुआ गठन। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल मां भगवती मंदिर प्रांगण में गुरुवार को पत्रकारों की हुई बैठक। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब चतरा के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा व संचालन पत्रकार मोहम्मद सिराजुल ने किया। बैठक में प्रखंड के कई पत्रकार उपस्थित हुए और निम्न बिंदुओं पर चर्चा किए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रेस क्लब पत्थलगड़ा के प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, उपाध्यक्ष सुनील दांगी, सचिव मोहम्मद सिराजुल, उपसचिव कैलाश दांगी, कोषाध्यक्ष सुजेक सिन्हा को मनोनीत किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने समर्थन किया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर निर्वाचित अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने कहा की प्रेस क्लब चतरा के मिले दिशा निर्देश को हमेशा निष्पक्ष रूप से पालन रहूंगा एवं पत्रकारों के हित लिए आत्म संकल्प के साथ खड़ा रहूंगा। इस दौरान पर पत्रकार अभिषेक सिंह, संजय राणा, सुनिल राम के अलावे कई पत्रकारों शामिल थे।

### समाजसेवी चन्दन मिश्रा बने जेएससीए के सदस्य

खबर मन्त्र संवादाता



**सिमरिया।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने समाजसेवा और कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले चन्दन मिश्रा को कंट्री क्रिकेट क्लब का अपना नया सदस्य बनाया है। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि चन्दन मिश्रा मूल रूप से बिहार के जहानाबाद जिले के निवासी हैं, और यह पहली बार है जब किसी व्यक्ति को इस जिले से कंट्री क्रिकेट क्लब का सदस्य चुना गया है। चन्दन मिश्रा पिछले 20 वर्षों से रांची में रहकर विभिन्न राज्यों, विशेषकर झारखण्ड, में कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उनके अथक प्रयासों और समर्पण ने उन्हें इस प्रतिष्ठित स्थान पर पहुँचाया है। श्री मिश्रा के जेएससीए सदस्य बनने में अर्चित आनंद का विशेष योगदान रहा है, जो कई वर्षों से जेएससीए में सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अर्चित आनंद ने चन्दन मिश्रा की समाज सेवा और कौशल विकास के क्षेत्र में की गई उपलब्धियों को जेएससीए के समक्ष प्रस्तुत किया, जिससे उनके चयन की राह आसान हुई। श्री मिश्रा के सदस्य बनने पर उनके समर्थकों और रांची के स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है। यह कदम न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान को मान्यता देता है, बल्कि झारखण्ड में कौशल विकास के प्रयासों को भी एक नई दिशा देने का काम करेगा।

# सीएसपी ग्राहक सेवा केंद्र का प्रखंड प्रमुख ने किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ककरचोली पंचायत के पहाड़पुर गांव में बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया का सीएसपी ग्राहक सेवा केंद्र का प्रखंड प्रमुख अंजू देवी और ककरचोली पंचायत के मुखिया राजकुमार यादव ने उद्घाटन किया। वहीं प्रखंड प्रमुख ने कहा कि निश्चित तौर पर आज लोग बैंकों से आकि से आकि जुड़ रहे हैं। बैंकों में भी काम की अधिकता बढ़ गई है, जिससे बैंक में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से ग्राहकों को सुलभ सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। इसी आलोक में गुरूवार को पहाड़पुर में ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया है। वहीं ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सीमा देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित कई पेंशन के भुगतान के लिए ग्राहक सेवा केंद्र ग्राहकों की सेवा में सदैव तत्पर रहेगा। मौके पर मिथिलेश कुमार, प्रतिक कुजूर, मनोज कुमार, उचिता देवी, हाशिम खान, राज नारायण साव, डॉ. अर्जुन यादव, राजेंद्र राणा, कृष्ण यादव, राजू पंडित, सोनिया देवी, सविता कुमारी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### केन्द्रीय विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में केन्द्रीय विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संजय प्रसाद द्वारा उपायुक्त मेघा भारद्वाज और डीडीसी ऋतुराज को स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एसी पूनम कुजुर, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार व अन्य को पौधा देकर स्वागत किया गया। बैठक में केन्द्रीय विद्यालय कोडरमा के विकास के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन के लिए संगणक की खरीदने, आगामी सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं के लिए सीबीएसई सम्बद्धता हेतु अनुमोदन, सुरक्षा के दृष्टिकोण से विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने, नये विद्यालय भवन निर्माण समेत कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया।

## ग्रिजली विद्यालय की छात्राओं ने

# राष्ट्रीय स्तर की नवाचार प्रतियोगिता में बनाई टॉप तीन में जगह



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रचनात्मकता और नवीनता के प्रभावशाली प्रदर्शन में तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली कक्षा दसवीं की छात्राओं साक्षी कुमारी, दिशा कुमारी और शुभांगी ने अपने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करते हुए एसीआईसी राइज एसोसिएशन और नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नवाचार प्रतियोगिता में टॉप तीन में अपनी जगह सुनिश्चित की। ग्रिजली विद्यालय की विजेता टीम जिसका उपयुक्त नाम नारी शक्ति है, उन्होंने विद्यालय के एटीएल लैब में अपने मेंटर कुणाल अंबस्टा के मार्गदर्शन में विकसित अपने असाधारण प्रोजेक्ट का निर्माण किया, जिसमें उन्होंने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली कठिनायों को ध्यान में रखते हुए अपना प्रोजेक्ट किट इस प्रतियोगिता में जमा किया, जिसके आधार पर ग्रिजली विद्यालय की छात्राओं को टॉप तीन में जगह मिली। प्रतियोगिता के अगले दौर में छात्राओं को अपना प्रोजेक्ट निर्णायक मंडली के सामने पंजाब के मोहाली में प्रतिष्ठित सीजीसी लांडरां कॉलेज में प्रस्तुत करना है, जहां उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

### सांसद कालीचरण सिंह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की

**चतरा।** चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात कर चतरा संसदीय क्षेत्र में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ठक्रछ) कॉलेज की स्थापना का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान की स्थापना से क्षेत्र के निवासियों को उच्च तकनीकी शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। फैशन कॉलेज की स्थापना होने से स्थानीय लोगों को आधुनिक फैशन तकनीकों और उद्योगों के बारे में ज्ञान मिलेगा।

## जिला कार्यकारिणी समिति समग्र शिक्षा की

# उपायुक्त ने की बैठक, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना अंतर्गत समग्र शिक्षा के प्रस्ताव व अनुमोदन के लिए जिला कार्यकारिणी समिति समग्र शिक्षा कोडरमा की बैठक हुई। उपायुक्त ने उक्त गतिविधियों को बेहतर करने से संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजुर, डीईओ सह डीएसई अजय कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, आरईओ कंचन कुमारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, शिक्षक प्रतिनिाि अश्विनी कुमार तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## एनीमिया जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# खान-पान व स्वच्छता का ध्यान रख एनीमिया से बचा जा सकता है : डॉ.मनोज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारत विकास परिषद झुमरीतिलैया शाखा के तत्वाधान में गुरुवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा में एनीमिया जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित उक्त कार्यशाला में बातौर मुख्य अतिथि जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ.मनोज कुमार ने कहा कि खान-पान एवं स्वच्छता का ध्यान रख एनीमिया से बचा जा सकता है।

उन्होंने एनीमिया होने के कारण एवं बचाव पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रवेश पांडे ने भारत विकास परिषद के उद्देश्य और कार्यों को विस्तृत रूप से समझाया तथा परिषद द्वारा सेवा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को भी बताया। वहीं अध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश राणा द्वारा सभी का स्वागत परिचय कराया गया।

### आजसू पार्टी ने रैली निकालकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की



खबर मन्त्र संवादाता

**सिमरिया।** आजसू पार्टी ने गुरुवार को सिमरिया चौक में रैली निकाली और राज्य सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। रैली पार्टी के अनुमंडल प्रभारी कैलाश सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। रैली सिमरिया चौक से निकल कर प्रखंड कार्यालय पहूंची जहां पार्टी के एक शिष्टमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात की और बारह सुत्रीय मांग का एक ज्ञापन सौंपा। अनुमंडल प्रभारी ने बताया कि चतरा जिले में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। यहां बगैर पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है। योजनाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। आम लोग परेशान हैं। ऐसे में आजसू पार्टी हल्ला बोल आंदोलन चल रही है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पार्टी सदन से सड़क तक आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य संदीप सिंह, जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी, रविंद्र सिंह, सुगन साव, शिवशंकर यादव, अशोक साव, तिलक महतो, उदय राम, कामेश्वर महतो, सुरेश साव, देवकी साव भीमसेन साव, भागी महतो , टिकेंद्र साव, अर्जुन महतो, किशोरी साव, मालो भुइयां, रूपलाल साव सहित अन्य शामिल थे।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

## 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलेगा सम्पूर्णता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित इंडिकेटर एवं सम्पूर्णता अभियान के प्रमोचन हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं पोस्टर का विमोचन कर किया गया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि पुरे भारत वर्ष में 112 आकांक्षी जिला है जिसमें चतरा भी शामिल है। सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन आपस में समन्वय स्थापित कर सभी पंचायतों में इस अभियान के तहत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करें, कार्य




कागज पर ही नहीं जमीन पर भी कार्य हो। लोगों को जागरूक कर ही सभी इंडिकेटरों के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही कहा सुरक्षित प्रसव एंव संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देना है। आगे उन्होने कहा गर्भवती महिलाओं का एएनसी निबंधन, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो। 09 से 12 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि इस अभियान के तहत 04 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक आकांक्षी जिला कार्यक्रम के निर्धारित 06 इंडिकेटर एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के निर्धारित 06 इंडिकेटर को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं आईसीडीएस (क्ष्ळ्रऊर) शामिल है। इन विभागों अंतर्गत इंडिकेटर गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल मिले, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच हो, सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण हो, स्व-सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड्स मिले, स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो शामिल है, जिसे शत प्रतिशत पूर्ण करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य, पदाधिकारियों, कर्मियों को शपथ भी दिलाया एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि चतरा लोकसभा क्षेत्र, विधायक प्रतिनिधि चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी शिषिर पंडीत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नीति आयोग के प्रतिनिधि के रूप में अलख नंदा, पिरामल फाउण्डेशन से जिला समन्वयक अमित भारती समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

### बालू तस्करों से अवैध वसूली के मामले में चतरा पुलिस की कार्रवाई

**चतरा।** चतरा के एसपी विकास कुमार पांडेय ने बालू तस्करों से अवैध वसूली के मामले में सदर थाना के एक एएसआई, एक चालक और दो जवानों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। निलंबित एएसआई कांग्रेस यादव, चालक सुनील मंडल और दो जवान शामिल हैं। एसपी ने बताया कि सभी को कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरती गई है।

# बोकारो उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति कार्य का समीक्षा किया। मौके पर डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा समेत विभिन्न एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता डीएमएफटी पीएमयू समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने अभियंता भवन प्रमंडल कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल अभियंता बांध प्रबंधन कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग समेत विभिन्न एजेंसियों से संचालित योजनाओं की प्रगति एवं अब तक शुरू नहीं किए गए योजनाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने बैठक में वैसी योजनाओं जिनका अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसे अविलंब संबंधित एजेंसी को शुरू करने का निर्देश दिया है। वहीं सीसीएल द्वारा निर्माण के लिए एनओसी नहीं देने के मामलों में एनओसी के लिए आवेदन दिए कई माह होने के कारण उसे स्वतः एनओसी की अनुमति मान कर संबंधित एजेंसी को कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं हो इसके लिए संबंधित एजेंसियों को प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। डीसी ने डीएमएफटी के तहत खनन प्रभावित पंचायत क्षेत्रों के युवाओं के लिए शुरू किए गए कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रगति की भी समीक्षा की एवं जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

# उपायुक्त गोड्डा के द्वारा जिला सहकारिता विकास कमिटी की बैठक संपन्न, दिये कई दिशा-निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विकास कमिटी की बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि एवं अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई, साथ ही साथ जिला अंतर्गत सहकारिता विकास के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

बैठक में नेशनल कॉपरेटिव डाटा बेस को अद्यतन करने, नए बहुउद्देशीय पैक्स, लैम्पस, डेयरी एवं मत्स्यजीवी सहकारी समितियों की स्थापना, राज्य/जिला स्तरीय सहकारी बैंक लिमिटेड से सम्बद्धता एवं समन्वय स्थापित करने, सहकारी समितियों को गोदाम एवं कार्यालय हेतु जमीन का आवंटन एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, लैम्पस के माध्यम से जन औषधि केन्द्र की स्थापना एवं संचालन, सीएससी संचालित सहकारी समितियों में झारसेवा की सुविधा उपलब्ध कराने, वर्ल्ड लार्जेस्ट ग्रेन स्टोरेज पायलॉट प्रोजेक्ट योजना के तहत जमीन की उपलब्धता, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत भूमि सत्यापन, सहकारी समितियों में सदस्यता वृद्धि अभियान, सहकारी समितियों के जर्जर गोदामों, भवनों का मरम्मत, पुनर्निमाण सहित अन्य विषयों के संबंध में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर जिला सहाकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड,गोड्डा, संबंधित विभागों के कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### गोड्डा : हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेते ही कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे और बांटी मिठाईयां



गोड्डा। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर पोडेया हाट विधायक कांग्रेस नेता प्रदीप यादव ने अपने समर्थको के साथ उन्हें बधाई दी और महागठबंधन समर्थकों ने मनाया जश्न, फोड़े पटाखे और मनाई खुशियां। झामुमो समर्थको के साथ महागठबंधन दलों के नेताओं ने खुल कर जश्न मनाई और बधाइयों शुभकामनाओं का दौर चल पड़ा।

### साहिबगंज : आजसू कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया



साहिबगंज। गुरुवार को जिला साहिबगंज के बरहरवा प्रखंड कार्यालय में आजसू के प्रखंड सचिव प्रणव कुमार साह के नेतृत्व में वही पतना प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार साह के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया हल्ला बोल कार्यक्रम के मध्ययम से जनता की मूलभूत मांग को उचित मंच तक पहुंचाने के लिए राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार जनता के प्रति प्राधिकारियों का उदासीन रवैया तानाशाह पदाधिकारी के खिलाफ कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के उपरांत बरहरवा अंचलाधिकारी को मांग पत्र सोपा गया। जमीन दाखिल खारिज के आवेदनों का निष्पादन, पणजी तू में दर्द जीरो प्लॉट पर आवश्यक कार्रवाई, अबुआ आवास के लाभों के चयन में पारदर्शिता, मनरेगा योजनाओं को वर्षा से पूर्व पूरा कर मजदूरी भुगतान करने आदि की मांग की। हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे जिला कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश यादव केंद्रीय समिति सदस्य नवीन दुबे, विजय कुमार साह, मो मुसब्बर, अशोक घोष, ददन पांडे, देबू रजवार, पंचायत सचिव सुनील कुमार गुप्ता यूवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष सुभाष साह, प्रीतम साह रंजीत साह बबलू कुमार साह शुभम साह प्रीतम जी रंजीत शाह बबलू साह अरुण चौरसिया, प्रियदेव साह अनिल कर्मकार, अप्पू घोष, सागर सरदार, बापोन मंडल, मुनमथुर सरदार, सत्तार अंसारी, करीम शेख उपस्थित रहे।

### साहिबगंज : खादी उद्योग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



साहिबगंज। खादी उद्योग से संबंधित सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने खादी उद्योग से संबंधित विभागों की कार्यों की समीक्षा कर मंडरो तथा बोरियो प्रखण्ड में तसर उद्योग के संवर्धन सभी बुनकरों को आर्टिजन कार्ड तथा उनके प्रशिक्षण तथा टूलकीट बंटवाने हेतु विभिन्न विभागो के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर लाने निर्देश दिए गया। बैठक में सहायक निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त, हस्तशिल्प, देवघर, जिला सहकारिता पदाधिकारी, साहेबगंज, तकनीकी सहायता एजेंसी, जेएसएलपीएस, साहिबगंज, प्रबंधक, अग्र परियोजना केन्द्र, बोरियो, व्यवस्थापक केवीआइसी भगैया, जिला समन्वयक मुख्यमंत्री लघु कुटिर उद्यम विकास बोर्ड, साहेबगंज, आकांक्षी प्रखण्ड फेलो मंडरो उपस्थित रहे।

### साहिबगज : पर्यटन के विकास से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन



साहिबगंज। उपयुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पर्यटन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। झारखंड भवन निर्माण निगम के द्वारा साहिबगंज जिला अंतर्गत सभी पर्यटन स्थलों का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रुप से उधवा पक्षी अभ्यारण, सिद्धो–कान्हू पार्क भोगनाडीह, मोती झरना, शिवगादी, सिंगीदलान, कन्हैया स्थान आदि है। इस सभी स्थानों का मास्टर प्लान बनाकर विभाग को भेजा जाएगा जिसमें साहिबगंज जिला अंतर्गत पर्यटन स्थान का मरम्मती एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उपायुक्त ने भवन निर्माण प्रतिनियुक्ति प्रमाशी को विशेष निर्देश दिया गया की डीपीआर तैयार कर उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। पर्यटन निदेशालय द्वारा साहिबगंज में कोर्स लिए सर्किल हेतु टीम भेजा गया है। उपायुक्त ने टीम से विस्तृत जानकारी ली एवं निर्देशित करते हुए गंगा में वाटर एक्टिविटी के अंतर्गत विभिन्न मोटर बोट, जेटी, सीकर, जैटस्की जैसे बोटो का अधिष्ठापन करने को कहा गया। मौके पर खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे।

### साहिबगंज : डीडीसी ने प्रखण्डों में चल रही योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली



साहिबगंज। डीडीसी सतीश चंद्रा के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखण्डों के बीडीओ के साथ विभिन्न योजनाओं के कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, पीएम जनमन योजना, आंगनवाड़ी, सिंचाई से संबंधित योजनाओं की जानकारी सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से क्रमबद्ध रूप से ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### यूजी सेमेस्टर-2 का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को यूजी सेमेस्टर–2 परीक्षा परिणाम जारी किया। इसकी जानकारी दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि यूजी सेमेस्टर–2 के सत्र 2022–26 का परीक्षा परिणाम प्रकाशित कर दिया। जिसमें कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के कुल 26170 परीक्षार्थियों में से 87.89 प्रतिशत उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। उक्त परीक्षा के वाणिज्य एवं प्रबंधन विषय में कुल 691 परीक्षार्थियों में से 88.02 प्रतिशत, प्रकृति एवं भौतिक विज्ञान के कुल 1880 परीक्षार्थियों में से 87.13 प्रतिशत, गणित, सांख्यिकी एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग के कुल 852 परीक्षार्थियों में से 84.51 प्रतिशत उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

### जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला का आयोजन



दुमका। जिला परिषद, सभागार में हितधारकों की भागीदारी और सह डिजाइनिंग नामक कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को हुआ। कार्यशाला का आयोजन आईआईटी रुड़की और जेएनयू नई दिल्ली के द्वारा किया गया। जिसका संचालन प्रो सोना झरिया मिंज एवं डॉ हर्षित लकड़ा ने किया। कार्यशाला का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा बतौर मुख्य अतिथि अभिजित सिन्हा, डीडीसी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इस कार्यशाला का उद्घाटन पर्यावरण से प्रेरित होकर पौधों में पानी डालकर किया गया। जिसमें लहांती एनजीओ की सचिव बिटिया मुर्मू भी शामिल थी। डीडीसी अभिजित सिन्हा ने जलवायु परिवर्तन के गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कार्यशाला की सराहना की। इस कार्यशाला को पहली बार एक जुन को जामा प्रखंड के चिगलपहाड़ी गांव में आयोजन किया गया। जिसमें गांव के मोड़े होड़ (पंच) के साथ पंचायत के मुखिया बिमला किस्कू समेत अन्य उपस्थित थे।

### तीसरी बार हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने पर कार्यकर्त्ताओं ने मनाया जश्न



दुमका। हेमन्त सोरेन के तीसरे बार मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकत्ताओं ने टीन बाजार चौक पर जमकर आतिशबाजी कर मिठाई बांट खुशी मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमों नगर अध्यक्ष रवि यादव कर रहे थे। कार्यकत्ताओं ने अबीर ला एक दूसरे को बधाई दिया। इस अवसर पर पराक्रम शर्मा, हेमंत स्वर्णकार आदि मौजूद रहे। यहां बता दें कि लैंड स्कैम कांड में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर जेल गए थे। पद से इस्तीफा देकर चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री झामुमों के कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते हेमंत सोरेन ने बनाये थे।

### एसपी कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र में नामांकन की तिथि बढ़ी, अब नामांकन होगा 15 जुलाई तक

दुमका। इग्नू अध्ययन केंद्र एसपी कॉलेज, दुमका 3604 में जुलाई सत्र 2024 के लिए नामांकन तथा पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक विस्तारित की गई है। इग्नू अध्ययन केंद्र के प्रभारी प्रो प्रतिभा टुडू ने बताया कि इग्नू में जुलाई सत्र के लिए फ्रेश नामांकन की तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। साथ ही जुलाई 2023 सत्र में नामांकित शिक्षार्थियों का पुनः पंजीयकरण जुलाई सत्र के लिए भी 15 जुलाई तक विस्तारित की गई है। इस संबंध में नामांकन जागरूकता अभियान चलाते हुए बैठक प्राचार्य डॉ केपी यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

## स्पीड न्यूज

### विक्रम बने जरीडीह के नये थाना प्रभारी



बोकारो। जरीडीह थाना में थानेदार के पद पर नियुक्त विक्रम कुमार सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच के आपसी संबंध को बेहतर बनाने पर जोर दिया जायेगा। क्षेत्र के लोगों को नये कानून के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आमजन अपनी किसी भी समस्या को लेकर बेहिचक थाने में आकर शिकायत दे सकते हैं और अगर क्षेत्र में कहीं गैर कानूनी गतिविधियां संचालित हो तो उसकी सूचना भी थाने को दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी ग्रामीणों के साथ समय समय पर समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा तथा जितने भी पेंडिंग मामले हैं इसका निष्पादन जल्द करेंगे। वहीं फरार चल रहे वारंटी को भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### बेरमो : भूमि विवाद में महिला पर जानलेवा हमला

बेरमो। भूमि विवाद में एक महिला पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है, जहां महिला को जख्मी हालत में इलाज के लिए बीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मालूम हो कि जख्मी महिला रश्मि देवी सेक्टर 11 के लेवातांड की रहने वाली बताई जा रही है। भूमि विवाद में महिला पर ईटा पत्थर से हमला कर दिया गया, यह घटना हरला थाना क्षेत्र का है। घटना की प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है, पुलिस ने जख्मी को पहले इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### बेरमो : सीसीएल कर्मी संतोष महली का निघन

बेरमो। सीसीएल करगली वाशरी कर्मी सह सुभाषनगर निवासी 54 वर्षीय संतोष महली का निघन केन्द्रीय आस्पताल ढ़ोरी मे हो गई। डॉक्टर राहुल कुमार ने बताया कि संतोष महली किडनी रोग से ग्रसित थे। सप्ताह मे दो बार डायलिसिस होता था। परिजनो का रो–रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, चंदन राम, मजदूर नेता विकास कुमार सिंह, समाजसेवी अशोक कुमार अग्रवाल, गौतम सेन गुप्ता, जय बहादुर थापा आदि ने परिजनो को ढांढस बढ़ाया और आत्मा के शान्ति की प्रार्थना की।

# गोड्डा : पूर्वी कोयला राजमहल परियोजना प्रबंधन के खिलाफ भड़के लोहंडिया ग्राम के निवासी

## आश्वासन के अलावे हमें कुछ नहीं मिलता, ग्राम वासी जल सत्याग्रह करने पर हुए मजबूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पूर्वी राजमहल कोयला परियोजना से सटे ग्राम लोहंडिया जो कि 8000 नागरिकों का आश्रय स्थल है, इस गांव के लोगों का सपना था कि परियोजना का कार्य जब चलेगा तो हमारे गांव के आसपास के लोगों के जीवन मे सुधार होगा**

**गोड्डा।** गुरुवार को लोहंडिया ग्राम निवासी इ सी एल प्रबंधन के खिलाफ जल सत्याग्रह करने को हुए मजबूर।

पूर्वी राजमहल कोयला परियोजना से सटे ग्राम लोहंडिया जो कि 8000 नागरिकों का आश्रय स्थल है इस गांव के लोगों का सपना था कि परियोजना का कार्य जब चलेगा तो हमारे गांव के आसपास के लोगों के जीवन मे सुधार होगा बिजली सड़क अस्पताल के साथ रोजी रोजगार मिलेंगे, लेकिन ये ख्वाब अधूरा राह गया उनका। कोल परियोजना प्रारम्भ हुए बर्षों बीत गए और इस क्षेत्र से निकले कोयला से पूरे भारत को ऊर्जा मिलती है, लेकिन यहां लोहंडिया ग्राम के निवासियों को विद्युत आपूर्ती के लिए तरसना पड़ता है।

सड़कें गड्ढे मे तब्दील हैं अस्पताल भी सरकारी ब्यावस्था के द्वारा ही चलती है आखिर ग्रामीणों को इस परियोजना का क्या लाभ मिलता है कुछ नहीं। 10 वर्ष पूर्व भी इसी तरह का आंदोलन किया गया था और आश्वासन की घूंट पीकर सभी ग्रामीण वापस आ गये थे लेकिन आश्वासन हकीकत मे नहीं बदली और 10वर्षो के बाद इस बार जल सत्याग्रह करने के लिए मजबूर होना पड़ा। जबकि स्थानीय विकास के नाम पर करोड़ों की राशि राज्य सरकार के पास जाती है और वो राशी कहीं और चली जाती है केंद्र और राज्य के खजाने इसी कोयला खनन से भरते हैं। लेकिन विकास की योजनाओं के नाम पर कई नेता मजदूर संगठन आते हैं और अपनी मजदूरी लेकर चले जाते हैं लेकिन इस गांव की समस्याओं के समाधान के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिलते हैं। कोयला खदानों मे होते विस्फोट से इनके घर की छत और दीवारें हिल जाती हैं बड़े बड़े हाइवा, मशीनरी और ट्रक चलने से सड़कें टूट जाती हैं प्रदूषण से इंसान की जिंदगी खतरे मे पड जाती हैं लेकिन इन ग्रामीणों की शिकायतें न प्रबंधन सुनती है ना राज्य सरकार न नेता ना कोई मजदूर संगठन। ग्रामीणों ने कोई रास्ता न देखकर जल सत्याग्रह करने का रास्ता अपनाया है ताकि इनकी समस्याओं का समाधान कोयला प्रबंधन द्वारा किया जा सके और अगर इनकी मांगें नहीं मानी गई तो ये आंदोलन और अधिक उग्र रूप धारण करेंगी ऐसा ग्रामीणों ने बताया।

# दुमका डीसी ने परामर्शदात्री समिति के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति कि बैठक की गई। बैठक में जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च तिमाही तक सभी बैंको के कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि कृषि के क्षेत्र में तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण प्रवाह में और सुधार लाने के आवश्यकता है। सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्षम खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), अटल पेंशन योजना, मुद्रा लोन की भी समीक्षा की एवं इसमे और तेजी लाने को कहा। बैठक में उप विकास अभिजीत सिन्हा, अग्रणी जिला प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, प्रबंधक आरबीआई रांची, सभी बैंको के समन्वयक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# एसकेएमयू में आज से शुरू होगी अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में शुक्रवार से नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू होगी। आज बांग्ला, उर्दू, संस्कृत और भूगोल विषय के लिए साक्षात्कार होगा। राज्य सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी यूजीसी रेगुलेशन 2018 के अनुसार उक्त विषयों के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यार्थियों की सूची विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। बांग्ला विषय में 6, उर्दू में 2, संस्कृत में 2 और भूगोल में 12 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। साक्षात्कार विश्वविद्यालय मुख्यालय, दिग्घी के प्रशासनिक भवन-1 निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय ने 17 विषयों में कुल 273 पदों के लिए 518 अभ्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया है। जिनका साक्षात्कार प्रक्रिया आज से 24 जुलाई तक चलेगी। साक्षात्कार कार्यक्रम एवं अन्य सूचनाओं को लेकर विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना अपलोड कर दी गई है। उक्त अधिसूचना के अनुसार अभ्यार्थियों को सभी मूल कागजात एवं आधार कार्ड के साथ निर्धारित तिथि को सुबह 9 बजे साक्षात्कार स्थल पर पहुंचना अनिवार्य है।

**नहीं मिल रहे आरक्षित वर्ग में योग्य अभ्यार्थी नहीं**

विश्वविद्यालय को आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए कई विषयों में आरक्षित कोटि के योग्य अभ्यर्थी नहीं मिल रहा हैं। सबसे खराब स्थिति विज्ञान विषयों में है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी मेधा सूची के अनुसार बांग्ला विषय में एससी, एसटी व ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए कुल चार सीटें आरक्षित हैं। जबकि योग्य आवेदकों की संख्या शून्य है। वनस्पति विज्ञान में एससी व ईडब्ल्यूएस के लिए कुल तीन सीटें आरक्षित हैं। जबकि योग्य आवेदकों की संख्या शून्य है। रसायन विज्ञान में एससी, एसटी, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस के लिए कुल 14 सीटें आरक्षित हैं। जबकि योग्य उम्मीदवारों की संख्या शून्य है। अंग्रेजी विषय में एससी के लिए चार सीटें आरक्षित थीं। जिसमें एक ही आवेदक योग्य पाया गया। गणित में एसटी के लिए सात सीटों के खिलाफ मात्र दो एससी एवं ईडब्ल्यूएस के लिए चार सीटों के विरुद्ध शून्य योग्य आवेदकों ने आवेदन किया है। भौतिकी में एससी, एसटी व ईडब्ल्यूएस के लिए कुल 11 सीटों के विरुद्ध शून्य योग्य आवेदक मिले हैं। संस्कृत विषय में एसटी के लिए आरक्षित तीन सीटों के विरुद्ध मात्र एक एवं बीसी–1 की एक सीट के विरुद्ध शून्य योग्य अभ्यर्थी मिले हैं। जबकि जूलॉजी में एक ईडब्ल्यूएस सीट के विरुद्ध शून्य योग्य उम्मीदवार मिला। यहां बता दें कि इस विज्ञापन के तहत अंतिम तिथि तक विभिन्न विषयों में कुल 2977 अभ्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक नोडल समिति एवं तीन आवेदन जांच समितियों का गठन किया गया था। उक्त समितियों ने सभी आवेदनों की जांच कर उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर आवेदकों के शैक्षणिक अंक निर्धारित कर आपत्ति दर्ज करने के लिए कुछ दिन पूर्व विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया था। आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुल रिक्तियों से 5 गुना अधिक आवेदकों को शॉर्टलिस्ट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए विवि आमंत्रित किया है।

# चास में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस मना




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्वामी सहजानंद महाविद्यालय चास में आयोजित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ पीयूष रंजन एवं विशिष्ट अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड प्रांत के संयोजक अमरकांत झा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएस सिटी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय गढ़वा के पूर्व प्रति कुलपति डॉ सत्येंद्र कुमार शर्मा ने की। डॉ शारदा रानी डॉ वीणा झा शर्मा लव कुमार डॉ सुधा कुमारी एवं रघुनाथ साहनी द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर किया गया। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत न्यास के बोकारो जिला संयोजक दयाल कुमार ईश्वर ने कराया। डॉ राम नारायण सिंह ने संगोष्ठी का विषय प्रवेश करते हुए चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ ओम प्रकाश सिन्हा ने सौर विस्फोट के कारण तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी को विस्तारपूर्वक रेखांकित करते हुए पर्यावरण की चुनौती जल संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। अमरकांत झा ने न्यास की स्थापना इसके उद्देश्य एवं इसकी विकास यात्रा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। डॉ. पीयूष रंजन ने न्यास की स्थापना एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु उपस्थित शिक्षाविदों से आग्रह किया। डॉ सत्येंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि के प्रत्येक कॉलेज को आगे आकर न्यास की गतिविधियों में हिस्सा लेने की आवश्यकता है। मंच संचालन एमजीएम के शिक्षक लव कुमार ने एवं धन्यवाद ज्ञापन चास कॉलेज चास के पूर्व प्राचार्य एवं न्यास के पर्यावरण के प्रमुख डॉ ओम प्रकाश सिन्हा ने किया।

# साहिबगंज : सरकार के मॉडल एस्टीमेट के अनुसार नहीं हो रहा निर्माण कार्य

## थमने का नाम नहीं ले रहा मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरहरवा।** प्रखंड के पथरिया पंचायत में इन दिनों मनरेगा योजना के तहत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना पर निर्माण कार्य सरकार के मॉडल एस्टीमेट के अनुसार नहीं किया जा रहा है। आपको बता दे की पथरिया पंचायत के पथरिया गांव एवं दूसरे गांवों में दर्जनों सिंचाई कुप निर्माण कार्य कराई जा रही है। सरकार के मॉडल एस्टीमेट में चिमनी ईट लगाना था, लेकिन बिचौलियों एव मनरेगा कर्मियों की मिली भगत से बांग्ला ईट से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। गहराई 35 फीट के जगह पर 29 फीट में ही सिमट गई, बालू के जगह पर डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। बिचौलिया के माने तो 5 से 6 बिरसा सिंचाई कुप निर्माण कार्य बांग्ला ईट से पूर्ण कर दिया गया। कार्य स्थल पर सूचना पट्ट भी नहीं लगाया गया है यह जांच के विषय है। इन दिनों पथरिया पंचायत में मनरेगा योजना में लूट का खुली छूट है। मनरेगा कर्मी भी क्षेत्र का भ्रमण नहीं करते हैं। अब देखना ये की की उच्च अधिकारी कब तक इस मामले को संज्ञान में लेती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

